मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 175
बुधवार, 07 जनवरी 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## मतदाता सूची का एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकारः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 06 जनवरी।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का पूरा अधिकार और क्षमता है। साथ ही यह उसकी सांविधानिक जिम्मेदारी है कि कोई भी विदेशी नागरिक मतदाता के रूप में दर्ज न हो। आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष यह दलील रखी।

पीठ ने उन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई फिर शुरू की, जिनमें बिहार समेत कई राज्यों में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। इन याचिकाओं में आयोग की शक्तियों की सीमा, नागरिकता और मतदान के अधिकार से जुड़े सांविधानिक सवाल उठाए गए हैं। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि संविधान के अनुसार राज्य के तीनों अंगों के सभी प्रमुख सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों का भारतीय नागरिक होना जरूरी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति से जुड़े संविधान के अनुच्छेद 124(3) का भी हवाला दिया।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष सांविधानिक पदों पर नियुक्ति की एक मुख्य शर्त यह है कि व्यक्ति भारतीय नागरिक हो। द्विवेदी ने कहा, सभी अहम नियुक्तियां तभी हो सकती हैं जब व्यक्ति नागरिक हो। हमारा संविधान मुख्य रूप से नागरिक-केंद्रित है। सांविधानिक व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब संविधान 'नागरिक' शब्द का इस्तेमाल करता है, तो इसकी जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदाता सूची में कोई भी विदेशी शामिल न हो, यह सुनिश्चित करना सांविधानिक कर्तव्य है।वरिष्ठ वकील ने कहा कि चुनाव आयोग का काम राजनीतिक दलों की बयानबाजी का जवाब देना नहीं है। उन्होंने कहा, हम राजनीतिक दलों पर टिप्पणी नहीं कर रहे। हमारा कर्तव्य सिर्फ इतना है कि मतदाता सूची में कोई विदेशी न हो। यह देखना जरूरी है कि हमारे पास यह शक्ति और क्षमता है। अपनी दलील आगे बढ़ाते हुए द्विवेदी ने एक अहम सांविधानिक सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या संविधान का अनुच्छेद 324 (जो चुनाव आयोग को चुनावों की निगरानी, दिशा और नियंत्रण की शक्ति देता है) कानून के प्रावधानों से पूरी तरह खत्म हो जाता है या इसे हर मामले में अलग-अलग देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, 325 और 326 तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 को साथ पढ़ने पर यह नहीं कहा जा सकता कि मतदाता सूची के संशोधन के मामले में चुनाव आयोग का अधिकार खत्म हो जाता है। द्विवेदी ने कहा, यह क्षेत्र पूरी तरह बंद नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग के पास सांविधानिक अधिकार बने रहते हैं।

## वेनेजुएला के समर्थन में कश्मीर की सड़कों पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

**कश्मीर, 06 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर में आज माकपा की ओर से वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की आक्रामक नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। पार्टी कार्यकर्ता लाल झंडों के साथ सड़कों पर उतरे और अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि अमेरिका लगातार संप्रभु देशों के आंतरिक मामलों में दखल देकर वहां की जनता की लोकतांत्रिक इच्छाओं को कुचलने का प्रयास कर रहा है।




इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता एमवाई तारीगामी ने किया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला पर लगाए गये आर्थिक प्रतिबंध और सैन्य हमला तथा वहां के राष्ट्रपति को गिरफ्तार करना दरअसल आम जनता के जीवन पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में दवाइयों की कमी, खाद्य संकट और आर्थिक अराजकता के लिए अमेरिका की नीतियां जिम्मेदार हैं। तारीगामी ने कहा कि यह केवल वेनेजुएला का सवाल नहीं है बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है कि किस तरह वैश्विक ताकतें अपने हितों के लिए देशों को बंधक बना रही हैं।

प्रदर्शनकारियों ने साथ ही कहा कि अमेरिका लोकतंत्र और मानवाधिकारों की आड़ में सत्ता परिवर्तन की साजिशें रचता रहा है। सीपीआईएम नेताओं ने केंद्र सरकार से भी मांग की कि वह अमेरिकी दबाव से दूर रहकर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए और वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता प्रकट करे। हम आपको बता दें कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा लेकिन नारों और भाषणों में गहरी नाराजगी साफ दिखाई दी। माकपा कार्यकताओं ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह दूसरे देश की तकदीर तय करे।

देखा जाये तो यह विरोध उस गुस्से की अभिव्यक्ति थी जो आज दुनिया भर में अमेरिकी वर्चस्व के खिलाफ उबल रहा है। वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी आक्रामकता कोई नई कहानी नहीं है। दशकों से अमेरिका उन देशों को सजा देता आया है जो उसकी नीतियों के सामने सिर झुकाने से इंकार करते हैं।

## पंजाब सीमा पर बीएसएफ पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन', पाकिस्तान से आई 20 किलो हेरोइन जब्त, 4 गिरफ्तार

**पंजाब, 06 जनवरी।** पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर रेंज के साथ संयुक्त अभियान में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई और आपूर्ति श्रृंखला का संचालन करने वाले मुख्य संचालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।प्रारंभिक जांच के अनुसार, पंजाब पुलिस ने खुलासा किया कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े थे और राज्य के कई जिलों में मादक पदार्थों की खेप की डिलीवरी और वितरण का समन्वय करते थे।



मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आपूर्ति मार्गों का पता लगाने, अतिरिक्त संचालकों की पहचान करने और पूरे नेटवर्क को निष्क्रिय करने के लिए आगे की जांच जारी है। सीमा पार तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, सीमा रेंज स्थित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की और आपूर्ति श्रृंखला का संचालन करने वाले मुख्य कर्मी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े हुए हैं और पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थों की खेप की डिलीवरी और वितरण का समन्वय कर रहे थे। एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और सीमा पार तस्करों की पहचान करने, आपूर्ति मार्गों का पता लगाने और पूरे नेटवर्क को नष्ट करने के लिए जांच जारी है।

## सामने आई उस्मान हादी की हत्या की वजह, बांग्लादेश पुलिस ने जारी किया बयान

**ढाका/नई दिल्ली, 06 जनवरी।** बांग्लादेश पुलिस ने मंगलवार को छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या की वजह का खुला किया। पुलिस ने बयान जारी करते हुए कहा कि छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के कारण अवामी लीग के इशारे पर की गई थी। उसने बताया कि पुलिस ने हादी की हत्या के सिलसिले में 17 आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप पत्र दायर किए हैं। समाचार पोर्टल ह्यटीबीएस न्यूज डॉट नेट' ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) की खुफिया शाखा के अतिरिक्त आयुक्त मोहम्मद शफीकुल इस्लाम के हवाले से प्रसारित खबर में कहा है, हादी ने सार्वजनिक रैलियों और सोशल मीडिया के माध्यम से अवामी लीग और छात्र लीग की पिछली गतिविधियों की कड़ी आलोचना की थी। उनकी मुखर टिप्पणियों से छात्र लीग और उससे संबद्ध समूहों के नेता व कार्यकर्ता खासे नाराज थे।

छात्र लीग अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का छात्र संगठन है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग और उससे जुड़े संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस्लाम ने ढाका में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आरोपियों की राजनीतिक पहचान और पीड़ित के पिछले सियासी बयानों को ध्यान में रखते हुए, जांच से पता चला है कि हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के कारण की गई थी। उन्होंने बताया कि डीएमपी ने हादी की हत्या के सिलसिले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।



इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हादी (32) बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 में हसीना के नेतृत्व वाली तत्कालीन अवामी लीग सरकार के खिलाफ आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए थे। उन्हें पिछले साल 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मार दी गई थी। हादी बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थे। उन्हें इलाज के लिए हवाई मार्ग से सिंगापुर ले जाया गया था। हालांकि, 18 दिसंबर 2025 को हादी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस्लाम ने बताया कि कथित शूटर फैजल करीम मसूद छात्र लीग से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था।

उन्होंने बताया कि हादी की हत्या के बाद मसूद और एक अन्य प्रमुख संदिग्ध आलमगीर शेख की भागने में मदद करने का आरोपी तैजुल इस्लाम चौधरी बप्पी पल्लबी थाना छात्र लीग' का अध्यक्ष और अवामी लीग द्वारा मनोनीत वार्ड पार्षद था। इस्लाम के मुताबिक, हादी की हत्या के सिलसिले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने सोमवार को सचिवालय में कानून-व्यवस्था संबंधी सलाहकार परिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया था कि हादी हत्याकांड में अंतिम आरोपपत्र सात जनवरी को दाखिल किया जाएगा। हालांकि, पुलिस ने हादी के लिए इंसाफ की मांग को लेकर ढाका में ह्यइंकलाब मंच' के विरोध-प्रदर्शनों के बीच एक दिन पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया।

## अन्नाद्रमुक ने डीएमके सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, राज्यपाल से की न्यायिक जांच की मांग

**तमिलनाडु, 06 जनवरी।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के महासचिव एडप्पाडी पलानीस्वामी ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि 2021 से अब तक हुए कथित भ्रष्टाचार की एक विस्तृत सूची उन्होंने राज्यपाल को सौंपी और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। पलानीस्वामी का कहना है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में कई सरकारी विभागों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनहित के कार्य करने के बजाय एक व्यापारिक संस्था की तरह काम कर रही है। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि



उनके पास इन आरोपों को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं, जिन्हें राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।उन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हुए वित्तीय नुकसान का विवरण देते हुए कहा कि सरकार हर साल 1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज ले रही है। साथ ही, उन्होंने पीटीआर की उस कथित ऑडियो क्लिप का भी हवाला दिया जिसमें भारी भरकम रकम के लेन-देन का जिक्र था। उन्होंने दावा किया कि राज्य की शासन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन किया जाए। नेता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते उनका कर्तव्य जनता के सामने सच्चाई आए। उनके अनुसार, डीएमके सरकार ने जनता के हित में कार्य करने के बजाय केवल सत्ता का दुरुपयोग किया है, इसलिए इन व्यापक घोटालों की गहराई से जांच होना अनिवार्य है।

## अमर्त्य सेन को एसआईआर नोटिस भेजा गया, चुनाव आयोग अभिषेक बनर्जी ने साधा निशाना

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सुनवाई के लिए नोटिस भेजकर चुनाव आयोग बंगाल के नागरिकों को निशाना बना रहा है। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और अभिनेता-राजनेता देव को भेजे गए एसआईआर नोटिस का जिक्र करते हुए अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री को भी चुनाव आयोग के समक्ष तलब किया गया है।






# विश्व पटल पर बालिकाओं का नवयुग: बदली सोच, उभरी शक्ति



-ललित गर्ग

एक समय था जब दुनिया के बड़े हिस्से में बेटी का जन्म बोझ समझा जाता था। गर्भ में ही उसके जीवन का अंत कर दिया जाता, या जन्म के बाद भेदभाव, उपेक्षा और वंचना उसका भाग्य बनती। सदियों तक चली इस दकियानूसी एवं पुरानपंथी सोच ने समाज, सभ्यता और प्रकृति-तीनों को गहरे घाव दिए। किंतु आज उसी दुनिया में सोच के स्तर पर एक निर्णायक मोड़ दिखाई दे रहा है, एक नयी सोच का उदय हो रहा है। गैलप इंटरनेशनल जैसे वैश्विक सर्वे यह संकेत देते हैं कि 44 देशों में माता-पिता की बड़ी संख्या अब संतान के लिंग को लेकर उदासीन हो रही है, उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि बच्चा लड़का है या लड़की। यह बदलाव केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि मानव चेतना में घटित एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। बालिकाओं को लेकर बदल रही यह सोच मानवीयता का दर्शन करा रही है। यह सच है कि तस्वीर का एक पक्ष उजला है तो दूसरा अब भी चिंताजनक। पिछले 25 वर्षों में दुनिया ने लगभग 70 लाख बच्चियों को बचाया है, यह मानवीय प्रगति का बड़ा प्रमाण है। परंतु यह भी उतना ही कड़वा सत्य है कि आज भी हर साल दस लाख से अधिक बच्चियां गर्भ में ही खत्म कर दी जाती हैं और बीते 45 वर्षों में यह संख्या पाँच करोड़ से अधिक रही है। यानी लड़का-लड़की के भेद का राक्षस अभी पूरी तरह पराजित नहीं हुआ है। इसके बावजूद, उम्मीद की किरण इसलिए प्रबल है क्योंकि अब यह भेद सामाजिक स्वीकृति खो रहा है, और यही



किसी भी क्रांति की सबसे ठोस बुनियाद होती है।

भारत में यह संघर्ष और भी जटिल रहा है। कम शिक्षा, रूढ़िवादी पितृसत्तात्मक सोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों ने लंबे समय तक बालिकाओं के अस्तित्व पर संकट बनाए रखा। लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, भारत में बेटों की चाहत 1999 के 33 प्रतिशत से घटकर अब 15 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है। फिर भी, 15 प्रतिशत भी कम नहीं क्योंकि इसका सीधा असर लिंगानुपात पर पड़ता है। आज देश में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 943 लड़कियों का है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार जन्म के समय लड़के-लड़कियों का प्राकृतिक अनुपात लगभग 105: 100 होता है, जो पाँच वर्ष की आयु तक बराबर हो जाना चाहिए। यदि पाँच साल के बाद भी 1000 लड़कों पर 57 लड़कियाँ कम हैं, तो स्पष्ट है कि प्रकृति नहीं, समाज हस्तक्षेप कर रहा है। 57 बड़ा अंतर है। सुधार की जो गति चल रही है, उस हिसाब से इस अंतर को पाटने में पच्चीस साल से ज्यादा लग जाएंगे। ये बच्चियां दुनिया में कदम रखें और अच्छी तरह से खुशगवार जिंदगी जिएं, इसके लिए उन्हें बचाने के उपाय, उनकी व्यापकता और गति सब बढ़ाने होंगे। सृष्टि के संतुलन के लिए भी यह जरूरी है। समाज की विडम्बनापूर्ण सोच ही वह “बाहरी शक्ति” है-भेदभाव, उपेक्षा, असमान पोषण, स्वास्थ्य और अवसर जो संतुलन को बिगाड़ रही है। मौजूदा सुधार की गति से इस अंतर को पाटने में पच्चीस वर्ष से अधिक लग सकते हैं। इसलिए उपायों की व्यापकता और गति दोनों को बढ़ाना अनिवार्य है। इस बदलाव के पीछे शिक्षा सबसे बड़ा कारक बनकर उभरी है। जब-जब लड़कियों को शिक्षा के समान अवसर मिले, उन्होंने न केवल अपनी क्षमताएँ सिद्ध कीं, बल्कि समाज की दिशा भी बदली। भारत सहित कई देशों में बालिका शिक्षा, छात्रवृत्ति, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने लड़कियों के जीवन-पथ को नया आयाम दिया है। आज ग्रामीण क्षेत्रों तक स्कूल नामांकन में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ी है, उच्च शिक्षा में उनकी उपस्थिति मजबूत हुई है और विज्ञान, तकनीक, खेल, प्रशासन तथा उद्यमिता-हर क्षेत्र में वे अपनी पहचान बना रही हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि अब नीतियाँ केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सशक्तिकरण की ओर बढ़ी हैं। शिक्षा के साथ-साथ पोषण, मातृत्व स्वास्थ्य, सुरक्षित परिवहन, डिजिटल पहुँच और नेतृत्व प्रशिक्षण, इन सभी ने मिलकर बालिकाओं के आत्मविश्वास को पंख दिए हैं। यह समग्र दृष्टि ही भविष्य की महिलाओं को “सहायता पाने वाली नहीं, बल्कि “निर्णय लेने वाली” बनाती है।

दुनिया के कई देशों में महिलाएँ अब राजनीति, प्रशासन और कॉरपोरेट नेतृत्व में अग्रिम पंक्ति में हैं। वे राष्ट्राध्यक्ष हैं, सेनाओं का नेतृत्व कर रही हैं, वैज्ञानिक खोजों की अगुआई कर रही हैं और वैश्विक संस्थानों में नीति-निर्धारण का हिस्सा हैं। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर प्रतिभा लिंग नहीं देखती। गैलप इंटरनेशनल के सर्वे में उभरी उदासीनता कि संतान का लिंग मायने नहीं रखता, दरअसल इसी विश्वास का सामाजिक विस्तार है कि लड़कियाँ भी उतनी ही सक्षम हैं। पहली बार दुनिया के स्तर पर बालिकाओं को लेकर एक सकारात्मक परिदृश्य उभरा है, इन बालिकाओं को लेकर बदली सोच एवं उभरी शक्ति के परिदृश्यों के बीच यह समय बालिकाओं-महिलाओं पर हो रहे अपराध, शोषण, बलात्कार, भेदभाव के त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है। कानून और योजनाएँ आवश्यक हैं, पर पर्याप्त नहीं। असली परिवर्तन संस्कृति में होता है-घर के भीतर, भाषा में, परंपराओं में। जब परिवार बेटी के जन्म को उत्सव मानता है, उसकी शिक्षा में निवेश करता है, उसे निर्णयों में भागीदार बनाता है-तभी लिंगानुपात के आँकड़े स्थायी रूप से सुधरते हैं। मीडिया, साहित्य और सिनेमा की भूमिका भी यहाँ निर्णायक है; वे या तो रूढ़ियों को पोषित करते हैं या नई दृष्टि गढ़ते हैं। आज सकारात्मक प्रस्तुतियाँ बढ़ रही हैं, जो लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी और नेतृत्वकारी रूप में दिखाती हैं यह सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत का लक्ष्य भी बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है।

भविष्य की दिशा स्पष्ट है-समानता केवल अधिकारों की सूची नहीं, बल्कि अवसरों की वास्तविक उपलब्धता है। बालिकाओं को बचाना पहला कदम था; अब उन्हें बढ़ने, उड़ने और नेतृत्व करने देना अगला चरण है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार, संपत्ति अधिकार, डिजिटल अवसर और निर्णय-निर्माण में हिस्सेदारी-ये सभी समानता के स्तंभ हैं। यदि इन पर निरंतर और समन्वित कार्य हुआ, तो आने वाले वर्षों में लिंगानुपात केवल सुधरेगा ही नहीं, बल्कि समाज अधिक संतुलित, संवेदनशील और उत्पादक बनेगा। एक समय था जब बालिका को कोख में ही समाप्त कर दिया जाता था; आज वही दुनिया उसके जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त कर रही है। यह बदलाव अधूरा है, पर निर्णायक है। भारत में बेटों की चाहत का घटता ग्राफ, दुनिया भर में लिंग-उदासीनता की बढ़ती प्रवृत्ति और महिलाओं के लिए विस्तृत होती शिक्षा-सशक्तिकरण योजनाएँ-सब मिलकर संकेत देते हैं कि आने वाला समय वास्तव में महिलाओं का समय है। यदि यह गति बनी रही, तो देश की बालिकाएँ न केवल अपना परचम फहराएँगी, बल्कि मानव सभ्यता को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित दिशा भी देंगी। यही सृष्टि का स्वाभाविक और आवश्यक संतुलन है।

# राम रहीम को 15वीं बार पैरोल पर उठते सवाल



-अजय कुमार

हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बलात्कार और हत्या के गंभीर आरोपों में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 15वीं बार पैरोल मंजूर कर दी गई है। इसके तहत वह करीब 40 दिनों के लिए जेल से बाहर सिरसा डेरा में रहेंगे। 2017 में सजा मिलने के बाद अब तक यह सबसे निरंतर और लंबा पैरोल सिलसिला है, जिसने न केवल न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि पीड़ित परिवारों और समाज में नाराजगी भी पैदा की है गुरमीत राम रहीम ने सोमवार को जेल से बाहर आते ही अपने समर्थकों के स्वागत में पहुंचीं बड़ी संख्या में गाड़ियों के काफिले के बीच सिरसा डेरा सच्चा सौदा के लिए प्रस्थान किया। पैरोल अवधि के दौरान वह वहीं रहेंगे। रिकॉर्ड्स के अनुसार, 2017 से अब तक वह कुल 405 दिन से अधिक समय जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी सिर्फ 8 साल और 4 महीने की सजा में उन्होंने लगभग एक पूरा साल जेल की सुरक्षा से बाहर गुजारा है।पहली बार उन्हें 24 अक्टूबर 2021 को बीमार मां से मिलने के लिए सिर्फ एक दिन की पैरोल दी गई थी। इसके बाद 21 मई 2021 को भी मां की बीमारी के कारण एक दिन की पैरोल मिली। लेकिन तीसरी बार, 7 फरवरी 2022, उन्हें 21 दिन के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति मिली, उस समय पंजाब में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। चौथी बार 17 जून 2022, उन्हें 30 दिन के लिए पैरोल मिली, हरियाणा में निकाय चुनाव के दौरान। पांचवीं बार 15 अक्टूबर 2022 को उन्हें 40 दिन के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति मिली, उसी दौरान आदमपुर उपचुनाव था।

इसके बाद भी सिलसिला लगातार चलता रहा। छठी बार 21 जनवरी 2023 को शाह सतनाम जयंती के मौके पर 40 दिन, सातवीं बार 20 जुलाई 2023 को जन्मदिन के समय 30 दिन, आठवीं बार 21 नवंबर 2023 को राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 21 दिन, नौवीं बार 19 जनवरी 2024 को लोकसभा चुनाव के समय 50 दिन, दसवीं बार 13 अगस्त 2024 को जन्मदिन के आसपास 21 दिन, ग्यारहवीं बार 1 अक्टूबर 2024 हरियाणा चुनाव में 21 दिन, बारहवीं बार 28 जनवरी 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय 30 दिन, तेरहवीं बार 9 अप्रैल 2025 डेरा सच्चा सौदा स्थापना दिवस के मौके पर 41 दिन, चौदहवीं बार 5 अगस्त 2025 जन्मदिन के आसपास 40 दिन और अब पंद्रहवीं बार 3 जनवरी 2026 को 40 दिन के लिए पैरोल मिली है। लगातार पैरोल सिलसिले को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर अपराध में सजायाफ्ता के प्रति प्रशासन और सरकार की नरमी का कारण राजनीतिक दबाव या सामाजिक स्थिति है। पैरोल नियमों के अनुसार कैदी को केवल परिवार में मौत, गंभीर बीमारी, करीबी की शादी या किसी अन्य अत्यावश्यक मानवीय कारण से ही अस्थायी रूप से जेल से बाहर आने की अनुमति मिल सकती है। लेकिन गुरमीत राम रहीम को जन्मदिन, चुनाव या धार्मिक आयोजन जैसे अवसरों में बार-बार जेल से बाहर भेजा जाना नियमों की सीमाओं को परे है।

सामाजिक संगठनों और पीड़ित परिवारों ने इस बार-बार की पैरोल की अनुमति को न्यायिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है। ज्ञानी राम सिंह खालसा ने इसे जख्मों पर नमक छिड़कने के समान बताया। उनका कहना है कि सरकार लंबे समय से जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दे पर चुप है, लेकिन बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिल रही है, जिससे समाज और समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।इस सिलसिले के आँकड़े भी हैरान कर देने वाले हैं। आठ साल और चार महीने की सजा में गुरमीत राम रहीम कुल 387 दिन जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी वह इस सजा का एक वर्ष से अधिक समय जेल की दीवारों से दूर गुजार चुके हैं। वहीं, आसाराम बापू को जेल से बाहर आने में एक दशक से अधिक समय लग गया और उन्हें हाल ही में मेडिकल ग्राउंड पर छह महीने की अंतरिम जमानत मिली। कुलदीप सेंगर को बलात्कार के लिए उम्रकैद मिली थी, जिसे हाईकोर्ट ने सस्पेंड किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पलट दिया। इस तुलना से यह स्पष्ट होता है कि गुरमीत राम रहीम को दी जाने वाली रियायत असाधारण और विवादास्पद है।सामाजिक और राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि पैरोल का बार-बार मिलना केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक और सामाजिक कारणों का असर भी देखा जा सकता है। चुनाव के समय, जन्मदिन या धार्मिक आयोजन के मौके पर पैरोल देना न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और समानता पर सवाल खड़ा करता है।

पारिवारिक और मानवीय कारणों से पैरोल दी जाती है, लेकिन राजनीतिक अवसरों और व्यक्तिगत उत्सवों के लिए बार-बार पैरोल देना न्याय और समाज के लिए गंभीर चुनौती है।इससे पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ती है, और यह संदेश जाता है कि समाज में कुछ लोग कानून से अलग विशेषाधिकार पा सकते हैं।गुरमीत राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने के सिलसिले ने यह भी उजागर किया कि सजा का वास्तविक अर्थ और जेल का उद्देश्य क्या है, इसे आम जनता और पीड़ित परिवार सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। अदालत और प्रशासन के निर्णयों में समानता और पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखा जा सके। सामाजिक दृष्टि से यह भी देखा गया है कि ऐसे अपराधियों के बार-बार जेल से बाहर आने से समुदायों की भावनाएं आहत होती हैं और समानता का संदेश कमजोर होता है। कई लोग कहते हैं कि अगर पैरोल केवल कानूनी औचित्य के आधार पर दी जाए, तो न्याय की मर्यादा और समाज में विश्वास दोनों बनाए रखा जा सकता है। इस बार-बार पैरोल मिलने के सिलसिले ने यह साबित कर दिया है कि पैरोल केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय बहस का विषय बन गई है। न्यायपालिका और प्रशासन को इसे और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाना चाहिए, ताकि किसी भी अपराधी को विशेषाधिकार प्राप्त न हो और सभी पीड़ितों को न्याय मिले।

# सड़क दुर्घटना मुआवजा और संविधान : आय से परे मानवीय गरिमा की तलाश



-प्रियंका सौरभ

सड़क दुर्घटना मुआवजे की तकनीकी व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान के मूल दर्शन–समता, गरिमा और कल्याणकारी राज्य–से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत में हर वर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं और इनमें हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं या स्थायी रूप से अपंग हो जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में मुआवजा केवल आर्थिक राहत नहीं होता, बल्कि यह राज्य द्वारा पीड़ित के जीवन-मूल्य को स्वीकार करने और उसकी गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास भी होता है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मुआवजा प्रणाली मुख्यतः आय-आधारित है, जो पहली दृष्टि में तर्कसंगत लग सकती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह संवैधानिक मूल्यों के साथ कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

मोटर वाहन अधिनियम में अपनाई गई मल्टीप्लायर पद्धति पीड़ित की आय, आयु और आश्रितों की संख्या के आधार पर मुआवजा निर्धारित करती है। इसका उद्देश्य यह माना गया कि दुर्घटना से पूर्व जिस आर्थिक स्थिति में परिवार था, उसे यथासंभव पुनर्स्थापित किया जा सके। किंतु इस पद्धति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह मनुष्य के जीवन को उसकी बाजार-योग्यता से जोड़ देती है। एक उच्च वेतन पाने वाले व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता पर लाखों या करोड़ों रुपये का मुआवजा तय होता है, जबकि एक दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक या असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के लिए यह राशि बहुत कम होती है। इस प्रकार कानून अनजाने में यह संदेश देता है कि किसी व्यक्ति का जीवन उसकी आय के अनुपात में अधिक या कम मूल्यवान है।

यह दृष्टिकोण सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित “कानून के समक्ष समानता” के सिद्धांत को चुनौती देता है। अनुच्छेद 14 केवल समान व्यवहार की बात नहीं करता, बल्कि यह मनमाने और असंगत वर्गीकरण पर रोक भी लगाता है। जब दो नागरिक समान परिस्थितियों में सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं, लेकिन केवल आय के आधार पर उनके जीवन का मूल्य अलग-अलग तय किया जाता है, तो यह एक प्रकार का संवैधानिक विरोधाभास उत्पन्न करता है। राज्य एक ओर सभी नागरिकों को समान मानता है, दूसरी ओर मुआवजे के स्तर पर उनके बीच आर्थिक हैसियत के आधार पर भेद करता है।

इस व्यवस्था का सबसे गंभीर प्रभाव उन वर्गों पर पड़ता है जिनकी आय औपचारिक रूप से दर्ज नहीं होती या जिन्हें अर्जक ही नहीं माना जाता। गृहिणियाँ, बच्चे, वृद्ध और छात्र अक्सर काल्पनिक आय के आधार पर मुआवजा प्राप्त करते हैं। यह काल्पनिक आय वास्तविक सामाजिक योगदान को प्रतिबिंबित नहीं करती। एक गृहिणी का श्रम घर के भीतर अदृश्य रहता है, लेकिन वह परिवार और समाज की आर्थिक संरचना को संभालने में केंद्रीय भूमिका निभाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने किर्ति बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस (2021) जैसे मामलों में यह स्पष्ट किया है कि गृहिणी का कार्य केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक मूल्य भी रखता है। इसके बावजूद, व्यवहार में मुआवजे की गणना में यह योगदान अभी भी पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित नहीं होता।

आय-आधारित मुआवजा प्रणाली का एक और संवैधानिक आयाम अनुच्छेद 21 से जुड़ा है, जो “जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता” के अधिकार की गारंटी देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि जीवन का अर्थ केवल शारीरिक अस्तित्व नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन है। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता के बाद उसका जीवन-मूल्य केवल गणितीय सूत्रों और आय-स्लैब तक सीमित कर दिया जाता है, तो यह उसकी अंतर्निहित गरिमा को कमतर आँकने जैसा प्रतीत होता है। जीवन को केवल आर्थिक हानि के चश्मे से देखना उस संवेदनशील पीड़ा, मानसिक आघात और सामाजिक असुरक्षा को नजरअंदाज करता है, जिसका सामना पीड़ित परिवार को करना पड़ता है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि न्यायसंगत मुआवजा की अवधारणा स्वयं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्यापक अर्थों में व्याख्यायित की गई है। न्यायालय ने माना है कि मुआवजा केवल आय-हानि की भरपाई नहीं, बल्कि भावनात्मक क्षति, मानसिक वेदना और भविष्य की अनिश्चितता के लिए भी होना चाहिए। फिर भी, मौजूदा कानूनी ढांचा इन अमूर्त पहलुओं को पर्याप्त स्थान नहीं देता। परिणामस्वरूप, मुआवजा प्रक्रिया अक्सर एक यांत्रिक गणना बनकर रह जाती है, जिसमें मानवीय संवेदना का अभाव दिखाई देता है। यदि हम अन्य परिवहन कानूनों से तुलना करें, तो यह असमानता और भी स्पष्ट हो जाती है। रेलवे अधिनियम और विमानन से जुड़े कानूनों में दुर्घटना की स्थिति में एक समान, निश्चित मुआवजा निर्धारित है, जो पीड़ित की आय या सामाजिक स्थिति से स्वतंत्र होता है। उदाहरण के लिए, रेलवे दुर्घटनाओं में मृत्यु पर एक निश्चित राशि दी जाती है। यह व्यवस्था यह स्वीकार करती है कि सुरक्षा का अधिकार और जीवन का मूल्य सभी नागरिकों के लिए समान है। सड़क परिवहन क्षेत्र में इस तरह की एकरूपता का अभाव यह प्रश्न उठाता है कि क्या भारत में “सुरक्षा” का अधिकार परिवहन माध्यम के अनुसार बदल जाता है।

एक कल्याणकारी राज्य में राज्य की भूमिका केवल न्यायालयों के माध्यम से विवाद निपटाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक को न्यूनतम गरिमा के साथ जीवन और मृत्यु दोनों में संरक्षण मिले। इस दृष्टि से सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रणाली में सुधार समय की आवश्यकता है। सबसे पहले, एक उच्च और अनिवार्य न्यूनतम मुआवजा राशि तय की जानी चाहिए, जो नो-फॉल्ट लायबिलिटी के सिद्धांत पर आधारित हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आय चाहे कुछ भी हो, प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक सम्मानजनक आधारभूत सहायता मिले। इसके साथ ही, गैर-अर्जक वर्गों के योगदान का यथार्थवादी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। गृहिणियों, बच्चों और वृद्धों के लिए मुआवजा निर्धारित करते समय केवल काल्पनिक आय के बजाय उनके सामाजिक, देखभाल और भावनात्मक योगदान को भी महत्व दिया जाना चाहिए। यह सुधार न केवल लैंगिक न्याय की दिशा में कदम होगा, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के अधिक निकट भी होगा। मुद्रास्फीति और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को देखते हुए मुआवजा राशियों का समय-समय पर स्वचालित संशोधन भी आवश्यक है। वर्तमान में नोटशनल इनकम और अन्य पारंपरिक मदों की राशि वर्षों तक अपरिवर्तित रहती है, जिससे उनका वास्तविक मूल्य घटता जाता है। एक गतिशील व्यवस्था, जो आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को समायोजित कर सके, अधिक न्यायसंगत होगी। इसके अतिरिक्त, मुआवजा प्रणाली को केवल मृत्यु के बाद भुगतान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। दुर्घटना के तुरंत बाद मिलने वाली चिकित्सा सहायता और नकद-रहित उपचार की व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। “गोल्डन आवर” में समय पर इलाज कई जानें बचा सकता है। हाल के वर्षों में शुरू की गई नकद-रहित उपचार योजनाएँ इस दिशा में सकारात्मक कदम हैं, लेकिन इन्हें और व्यापक तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। अंततः, सड़क दुर्घटना मुआवजे का प्रश्न केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता और संवैधानिक दृष्टि का भी है। यदि हम मनुष्य के जीवन को केवल उसकी आय से तौलते हैं, तो हम अनजाने में सामाजिक असमानताओं को कानूनी मान्यता दे देते हैं। एक सच्चा कल्याणकारी राज्य वह होता है जो यह स्वीकार करे कि हर जीवन समान रूप से मूल्यवान है, चाहे वह किसी कॉर्पोरेट कार्यालय में काम करने वाला हो या सड़क किनारे मेहनत करने वाला मजदूर। आय-आधारित गणना को पूरी तरह समाप्त करना संभव न भी हो, तो कम से कम उसे एक समान, गरिमापूर्ण आधारभूत मुआवजे के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। इस प्रकार, नुकसान के अंकगणित को न्याय की नैतिकता के अधीन करना ही भारतीय संविधान की आत्मा के अनुरूप होगा। सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रणाली में ऐसे सुधार न केवल अनुच्छेद 14 और 21 के मूल्यों को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि नागरिकों के राज्य पर विश्वास को भी गहरा करेंगे। एक ऐसी व्यवस्था, जो हर जीवन को समान सम्मान दे, वास्तव में लोकतांत्रिक और कल्याणकारी भारत की पहचान होगी।

# क्या राष्ट्रनिर्माण के लिए मिट जाने वाले अतीत को अब भुला देना चाहिए?



-विक्रम दयाल

अतीत की गलतियों और संघर्षों को भूलकर, हमें वर्तमान और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। सामाजिक सद्भावना: अतीत की गलतियों को भूलने से सामाजिक सद्भावना और एकता को बढ़ावा मिल सकता है। अतीत मैं फंसे रहने से प्रगति बाधित हो सकती है। इसलिए अतीत को भूलकर आगे बढ़ना आवश्यक है। अतीत कि गलतियों को भूलने से हम उनसे सीख नही सकते और भविष्य मैं फिर से वही गलतियाँ कर सकते हैं।इसलिए अतीत की गलतियों को याद रखें, लेकिन उन्हें भूलकर आगे बढ़े। राष्ट्र निर्माण के लिए अतीत की गलतियों को

भूलकर वर्तमान और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करें। आजादी के लिए प्राण निछावर करने वाले क्रांतिकारियों और सहयोग देनेवाले नेताओं को याद करना भी बहुत जरूरी है। स्मृति और आदर: इन क्रांतिकारियों और नेताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण निछावर किए, इसलिए उन्हें याद करना और आदर देना हमारा कर्तव्य है। प्रेरणा: इन क्रांतिकारियों और नेताओं की कहानियाँ हमें प्रेरित करती है और हमें देश के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास की पुनरावृत्ति: इन क्रान्तिकारियों और नेताओं को याद करने से हम इतिहास की पुनरावृत्ति को समझ सकते हैंऔर भविष्य में फिर से गलतियाँ नही कर सकते। राष्ट्र निमार्ण: इन क्रांतिकारियों और नेताओं के आदर्शों को याद करके हम राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सकते हैं। आजादी के लिए मिटने वाले वीरों में महात्मा गांधी: भारत की आजादी के मुख्य नेता, सत्य और अहिंसा के लिए विश्व प्रसिद्ध। भगत सिंह: देश से लिए एक करिश्माई भारतीय क्रांतिकारी, जिन्होंने अंग्रेज अधिकारी सैंडर्स की हत्या करके युवाओं में आजादी की

भावना प्रबल की। सुभाष चंद्र बोस: नेताजी के नाम से पहचान रखने वाले, आजाद हिंद फौज का गठन किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रानी लक्ष्मीबाई: झांसी की रानी, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया और अपनी सहादत दी। चंद्रशेखर आजाद: भारतीय विद्या भवन के संस्थापक, जिन्होने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपनी सहादत दी। राजगुरू और सुखदेव: भगत सिंह के साथी जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपनी सहादत दी। लाला लाजपत राय: आजादी के लिए युवाओं को जगाने वाले प्रमुख युवा नेता। तात्या टोपे: 1857 के विद्रोह के प्रमुख नेता। मंगल पांडे: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी। अशफाक अल्ला खां: काकोरी कांड में शामिल प्रमुख क्रांतिकारी। आजादी मिलने के बाद आज देश की सद्भावना, समरसता क्षीण होती जा रही है। जो एक गंभीर चिंता का विषय है। राजनीति और धर्म के बीच बढ़ते संबंधों ने समाजिक समरसता को चुनौती दी है। सांप्रादायिक हिंसा, धार्मिक ध्रुवीकरण, और वोट बैंक की राजनीति ने समाज में अविश्वास और तनाव बढ़ाया है। सद्भावना जैसे आयोजन लोगों को एकसाथ लाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि मतभेदों से बावजूद, हम एक हैं, एक राष्ट्र हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठनों ने सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए काम किया है। उनके प्रयासों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी है। देश के लोगों में प्यार, मोहब्बत, भईचारा लाने के लिए सरकार को कई कदम उठाने चाहिए। जैसे शिक्षा में बदलाव: शिक्षा प्रणाली में साम्प्रदायिक सद्भावना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाले विषयों को शामिल करना चाहिए। सामाजिक कार्यक्रम: सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए । मीडिया का उपयोग: सरकार को मीडिया का उपयोग करके सद्भावना और भाईचारे के संदेश को फैलाना चाहिए। धार्मिक नेताओं की भूमिका: सरकार को धार्मिक नेताओं को शामिल करके सद्भावना और भाईचारे के संदेश को फैलाने के लिए काम करना चाहिए। सामाजिक न्याय: सरकार को सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए, जिससे सभी समुदायों के लोगों को समान अवसर मिले। युवा कार्यक्रम: सरकार को युवा कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए, जिससे युवाओं को सद्भावना और भाईचारे के बारे में जागरूक किया जा सके। सामुदायिक विकास: सरकार को सामुदायिक विकास कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए, जिससे विभिन्न समुदायों के लोग एकसाथ मिलकर काम करें। संवाद और संचार: सरकार को संवाद और संचार को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए, जिससे लोगों के बीच समझ और विश्वास बढ़े।

# निरंतर श्रम,संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के सच्चे और मौन साधक



संजीव ठाकुर

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं’ जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# मेडिकल कालेज जौनपुर में टेढ़े-मेढ़े पैरों से पीड़ित बच्चों के बेहतर इलाज के लिए प्रधानाचार्य सक्रिय

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के आर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० उमेश सरोज के प्रयास से अनुष्का फाउंडेशन का एम०यू० प्रस्ताव प्रधानाचार्य प्रो० आर०बी० कमल को दिया गया।

प्रधानाचार्य प्रो० आर०बी० कमल ने अनुष्का फाउंडेशन का एम०ओ०यू० प्रस्ताव प्राप्त करते हुए जिला समन्वयक अंकिता श्रीवास्तव को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ किसी भी प्रकार के अवैध लेन-देन अथवा अनुचित प्रक्रिया को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह चेतावनी कॉलेज प्रशासन की ओर से स्पष्ट है। मरीज हित को सर्वोपरि रखते हुए मेडिकल कॉलेज बेहतर से बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

आर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० उमेश सरोज ने बताया कि टेढ़े पंजे (क्लबफुट) से पीड़ित बच्चों का हर शुक्रवार मेडिकल कॉलेज में इलाज होता है। यह सुविधा अनुष्का फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के सहयोग से मिलती है। क्लबफुट से बच्चों को मुक्त

### एम०यू० के माध्यम से सुविधा होगी सुदृढ़



कराने के लिए इसके इलाज की प्रक्रिया तीन चरणों में होता है। पहला चरण कास्टिंग (प्लास्टर) का होता है, जिसमें पांच से छह प्लास्टर लगाकर पैर सीधा किया जाता है। हर सप्ताह नया प्लास्टर चढ़ाया जाता है।

दूसरे चरण में टेनोटॉमी होती है, जिसमें एड़ी के पीछे छोटा सा चीरा लगाकर पैर को लचीला बनाया जाता है। तीसरे चरण में ब्रसेज की प्रक्रिया होती है। इस चरण में टेनोटॉमी के बाद बच्चों को विशेष जूते पहनाए जाते हैं।

अनुष्का फाउंडेशन की जिला समन्वयक अंकिता श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चे को यह जूते शुरूआती तीन महीने तक 23 घंटे प्रतिदिन पहनाए जाते हैं। केवल सोते समय एक से दो घंटे निकाले जाते हैं। यह पूरी प्रक्रिया लगभग पांच साल तक चलती रहती है और पूरी तरह से निःशुल्क होती है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डीईआईसी मैनेजर अमित गौड़ ने बताया कि जौनपुर जनपद में इस सत्र में विभिन्न ब्लॉकों से आए 77 बच्चों का सफल उपचार किया गया। जिले में कुल अभी तक 354 बच्चों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस सत्र में जिलेभर से बड़ी संख्या में बच्चे इलाज के लिए आए और निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाया।

संदेशः अनुष्का फाउंडेशन की जिला समन्वयक अंकिता श्रीवास्तव ने बताया कि क्लबफुट का समय पर इलाज संभव है। इलाज के बाद बच्चा पूरी तरह से सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने अभिभावकों से हर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज (हड्डी विभाग) में आकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत मंगलवार को मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, अपना दल (एस) से लालबहादुर पटेल, बीएसपी से चंद्रेज भारती, सीपीआईएम से के.एस. रघुवंशी, कांग्रेस से अली अंसारी, शहनवाज सहित अन्य प्रतिनिधिगण शामिल रहे। कार्यक्रम में उपजिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा भी उपस्थित रहे।

**18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं से किया मतदान की अपील-** जिलाधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे स्कूली छात्र-छात्राओं को फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) प्रदान कर उन्हें

### डीएम ने युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ




मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जनपद के सभी पात्र युवाओं एवं छूटे हुए नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की।

**06 जनवरी से 06 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान-** डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक विशेष पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जनपद में तैनात 4172 बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) पात्र मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करेंगे।

**मृतक, शिफ्टेड व डुप्लीकेट नाम होंगे विलोपित-** मतदाता सूची से मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरे नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, जबकि नाम संशोधन, पता परिवर्तन, दिव्यांग चिन्हांकन एवं खोए हुए मतदाता पहचान पत्र के लिए फॉर्म-8 भरवाए जाएंगे।

**ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा-** मतदाता नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए ECINET मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। आयोग द्वारा सभी आवेदनों के निस्तारण की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सैयद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी संतबीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, बीएलओ, सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुर कला की अर्चिता राष्ट्रीय श्रेष्ठ परीक्षा में जनपद में प्रथम

### अर्चिता ने ऑल इंडिया 562वीं रैंक हासिल करके रचा इतिहास

### राष्ट्रीय श्रेष्ठ परीक्षा में सुइथाकला का जनपद में रहा दबदबा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय श्रेष्ठ परीक्षा 2025 में सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुर कला की छात्रा अर्चिता ने ऑल इंडिया 562 वीं रैंक जनपद में पहला स्थान हासिल करके सफलता का इतिहास रचा है। इस परीक्षा में सुइथाकला ब्लॉक के विद्यालयों का जनपद में दबदबा रहा।

इसी विद्यालय के दो छात्रों सुमित कुमार और आयुष कुमार ने क्रमशः ऑल इंडिया 1618 वीं और 2413 वीं रैंक हासिल किया है। प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह ने सफलता का श्रेय बच्चों और शिक्षकों के कठिन परिश्रम व अभिभावकों के मार्गदर्शन को दिया है। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय सुइथाकला के तीन छात्रों शिवांगी धवल 778, दीपांशु 1236 और ब्यूटी 2603 वीं रैंक प्राप्त किया है। कंपोजित विद्यालय डीह असरफाबाद के एक छात्र रोहन ने भी ऑल इंडिया 1930 वीं रैंक प्राप्त



करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में सफल होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास को सराहा है।

बीएसए ने तीनों प्रधानाध्यापकों सतीश सिंह पारसनाथ यादव और दुष्यंत मिश्र की टीम को बधाई दी है। उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कहा जिससे विकासखंड क्षेत्र का प्रदेश और देश में कीर्तिमान कायम रहे। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी आनंद प्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी, डॉ राकेश चंद्र तिवारी, हृदय प्रसाद सिंह रानू, डॉ रणजीत सिंह, प्रो. रणजीत पांडेय, प्रो. अरविंद कुमार सिंह, प्रो. राकेश कुमार यादव, सुरेश पांडेय, डॉ अजेय प्रताप सिंह, विनय त्रिपाठी, डॉ अविनाश वर्मा, धर्मदेव शर्मा, डॉ. रणंजय सिंह, सुधाकर सिंह, अजय मिश्रा, पंकज सिंह, संजय सिंह, अरविंद यादव, उमेश चंद्र यादव, डॉ निशाकांत आदि लोगों ने बधाई देते हुए खुशी जताई है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले भर में नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन



में जनपद के समस्त थानों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने गांवों, बाजारों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

अभियान में विशेष रूप से महिला बीट आरक्षियों द्वारा महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

**महिला सुरक्षा हेल्पलाइन की दी गई जानकारी-** पुलिस टीमों ने महिलाओं को आपातकालीन सहायता हेतु 112 (पुलिस सहायता), 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की जानकारी देते हुए इनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

**कानूनी अधिकारों पर किया गया जागरूक-** महिलाओं को घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर अपराध, छेड़खानी एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर विषयों पर लागू कानूनों की जानकारी दी गई, साथ ही कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

**शिकायत करने में न डरें महिलाएं-** पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी या अपराध की स्थिति में बिना भय के शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

**स्वावलंबन और योजनाओं की जानकारी-** महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

**पुलिस प्रशासन का संदेश-** जनपद पुलिस का उद्देश्य जिले में ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना है, जहाँ प्रत्येक महिला स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। 'शक्ति दीदी' के माध्यम से पुलिस सीधे आमजन से जुड़कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है।

जौनपुर पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

# व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: श्रवण जायसवाल

### खेतासराय में लोक शक्ति उद्योग व्यापार मंडल का हुआ गठन

### संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का किया स्वागत

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत खेतासराय में मंगलवार को लोक शक्ति उद्योग व्यापार मंडल का गठन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल की मौजूदगी में सर्व सम्मति से कस्बा स्थित जेबी मार्ट में भव्य समारोह पूर्वक किया गया। जिसमें खेतासराय के नए अध्यक्ष के रूप में यशपाल सोनकर और राजेश गुप्ता मंजय को महामंत्री के रूप में मनोनीत




किया है। कोषाध्यक्ष के रूप में फखरुद्दीन अहमद, उपाध्यक्ष के रूप में पप्पू सोनकर, फहीम अख्तर, बबलू अंसारी को जिम्मेदारी दी गई है।

समारोह में मौजूद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों का संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल व प्रदेश महामंत्री अनवारुल हक गुड्डू ने माल्यार्पण कर उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जिले के इस महत्वपूर्ण नगर पंचायत खेतासराय में लोक शक्ति उद्योग व्यापार मंडल का गठन होना बड़े गर्व की बात है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि संगठन से जुड़ने वाला कोई भी व्यापारी छोटा बड़ा नहीं होता। हमारे लिए सड़क किनारे ठेला लगाने वाला फुटपाथ छाप दुकानदार से लेकर बड़ा शोरूम वाला भी एक बराबर है। हम संगठन में रहते हुए व्यापारी हित के लिए हमेशा संघर्ष और आंदोलन करते हैं। जिले में कहीं भी किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होता है तो उसके लिए थाना पुलिस, तहसील से लेकर कलेक्ट्रेट मुख्यालय तक बड़ा प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा। उन्होंने खेतासराय की नवगठित कमेटी के सभी पदाधिकारियों से साफ शब्दों में कहा कि व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसके पहले उपस्थित पदाधिकारी ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल, प्रदेश महामंत्री अनवारुल हक गुड्डू, प्रदेश उपाध्यक्ष अमर बहादुर सेठ, जिलाध्यक्ष संजीव साहू को माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुए नई कमेटी गठित करने के लिए उनके प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता उर्फ मंजय ने किया।

इस मौके पर भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, पुष्प चौबे, सभासद अमित सोनकर, शैलेष यादव, मनीष सोनी अन्य उपस्थित रहे। इसके अलावा कमेटी में सदस्य के रूप में राजू सोनी, राम आशीष बिन्द, कृपा विश्वकर्मा, दिनेश शर्मा, फूलचंद यादव, दीपचंद सोनकर जोगिंदर राजभर, सुभाष सोनकर, मोहम्मद आसिफ, मंदीप सोनकर, रमेश सोनकर, ओम सोनी, विमलेश यादव, सुभाष चन्द सोनकर, गुरैनी अध्यक्ष हुजैफा को रखा गया है।

# बुढ़ऊ बाबा के श्रींगार व विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

### चेयरमैन पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल गोलू ने पहुंच कर लिया बुढ़ऊ बाबा का आशीर्वाद, वितरण किया गया प्रसाद

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत नगर के मोहल्ला सिपाह प्रथम वार्ड में मेन रोड पर स्थित प्रसिद्ध मन्दिर बुढ़ऊ बाबा का श्रृंगार और भव्य भण्डारे का कार्यक्रम भक्त जनों द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। इस अवसर पर बुढ़ऊ बाबा के प्रसिद्ध मन्दिर पर लोगों नें दर्शन पूजन किया और भारी संख्या में भण्डारे में लोग उपस्थित हुवे और प्रशाद ग्रहण किया गया।

यह विशाल कार्यक्रम युवा नौजवानों द्वारा किया गया है। कार्यक्रम करनें वाले लोगों में धर्मेंद्र सोनकर, डिम्पल सोनकर, रामबृक्ष चौहान, बिहार सोनकर, सुरेश सोनकर, नारद सोनकर समाजसेवी, रितिक सोनकर, रोहित सोनकर, गिरधारी सोनकर, सोनू सोनकर, भोला सोनकर, विशाल सेठ, बृजेश सोनकर एडवोकेट, अवधेश सोनकर,



राजन सोनकर, सुजीत सोनकर, करिया सोनकर, इन लोगों के मेहनत और सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम किया गया है। बुढ़ऊ बाबा के श्रींगार व भण्डारे में केराकत नगर पंचायत के चेयरमैन पति प्रतिनिधि यूवा नेता कृष्णा जायसवाल गोलू, शामिल हुवे और बुढ़ऊ बाबा के मन्दिर में जाकर दर्शन किए और नगर में सुख शांति रहे हाथ जोड़कर प्रार्थना किये। इस अवसर पर सभासद राजेश गुप्ता, सभासद संजय निषाद, (बाबा) समाजसेवी वेदप्रिय साहू विशाल, जय सिंह यादव, सूरज, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हजरत सैयद उमर शाह का सालाना उर्स मुबारक धूम धाम से संपन्न

### मौजूद रहे कई गणमान्य लोग

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर की ऐतिहासिक बड़ी मस्जिद के पूर्वी गेट





के सामने स्थित हजरत सैयद उमर शाह रहमत उल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक आज बड़े ही धूम धाम से अपने पुराने रिवाज और रस्म से आयोजित हुआ। जिसमें दूर दराज के आस्थावान लोगों का सैलाब उमड़ा। उक्त उर्स में कई क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे इनमें जफराबाद के नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज खान और कालीचबाद के चेयरमैन फिरोज अहमद मौजूद रहे।

खादिम ए आस्ताना मास्टर मेराज ने बताया कि उर्स में समस्त रस्म के बाद शाम को बाद नमाज ईशा सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया। जहां दिल्ली और लखनऊ से आए हुए कव्वाल अपनी अपनी कव्वालियों से शमा बांधें।

उर्स मुबारक में ज्यादा से ज्यादा लोग आस्ताना ए बुजुर्ग की महफिल से आशीर्वाद ले कर अपनी अपनी मन्नते मुरादे मान कर गए।

# भूमि को लेकर विवाद में दो गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मंगलवार को पुलिस टीम ने जमीनी को लेकर विवाद कर रहे, की सूचना पर मौके पर पहुँची, जहाँ से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार शांति भंग में चालान न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा के भटियारीसराय में जमीनी को लेकर हो रहे विवाद में पहुँची पुलिस टीम




ने मौके से मोहम्मद आसिफ पुत्र ग्यासुद्दीन व एयाज पुत्र एजाज अहमद निवासीगण मोहल्ला भटियारीसराय को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाई करते हुए शांति भंग के चालान न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्यवाई में पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल पाठक, हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय, कांस्टेबल आशुतोष तिवारी शामिल रहे।

# पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों व रिक्रूट सुविधाओं का लिया जायजा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परिसर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ पुलिस बल को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करना रहा।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में निमार्णाधीन बहुमंजिला आवासीय भवन का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**रिक्रूट प्रशिक्षुओं की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यानः** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट प्रशिक्षुओं के आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रशिक्षण का स्तर उच्च एवं अनुशासित बना रहे।

**स्वच्छता को लेकर दिए सख्त निर्देशः** स्वच्छ भारत अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने पूरे पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों, बैरकों एवं आवासीय क्षेत्रों के आसपास स्वच्छता बनाए रखी जाए, जिससे कार्यक्षमता और अनुशासन दोनों में वृद्धि हो।

निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन गोल्डी गुप्ता (आईपीएस), क्षेत्राधिकारी मछलीशहर सुश्री प्रतिमा वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

CMO Reg. RMEE. 2341801
SHIFA HOSPITAL
अहमदी मेमोरियल
शिफा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



डा० मोहम्मद अकमल (फिजिशियन) पता- मानीकलां, जौनपुर
डॉ० सुनील कुमार दुबे MBBS, MS (Laproscopic Surgeon) on call)
डॉ० अबू फैसल MBBS, Ortho PGDS हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ समय 2 बजे से शाम 4 बजे तक (बृहस्पतिवार)
डॉ० एम के वर्मा P.G D.C (Delhi) (चर्म रोग विशेषज्ञ) समय- 11 बजे 2 बजे तक (शनिवार)
डॉ० मोहम्मद चाँद बागवान MBBS, DNB, MD (Lucknow) शूगर, चेस्ट एंव हृदय रोग विशेष समय- सुबह 8 बजे 11 बजे तक (मंगलवार)
डॉ० मोहम्मद अब्दुल्लाह (दाँत चिकित्सक) समय - सुबह 9 से 11 बजे तक (बुद्धवार, रविवार)
डॉ० यसीरा अली MBBS, MS (obs & Gynae Surgeon) स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ (Inferitility) समय- सुबह 8 बजे से 11 बजे तक (मंगलवार)
डॉ० सना अब्दुल्लाह (स्त्री रोग विशेषज्ञ) समय - सुबह 9 बजे से 11 बजे तक (बुद्धवार, रविवार)
डॉ. मोहम्मद अंज़र एम.बी.बी.एस. जरनल फिजिशियन



डिजिटल एक्स-रे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, E.C.G., हृदय रोग विशेषज्ञ, चेस्ट रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दन्त चिकित्सक फिजियोथेरापी, डिलेवरी (नार्मल, सिजेरियन) दूरबीन विधि से पित्ताशय में पथरी, अपेंडिस्क, बच्चेदानी, हाइड्रोसील का ऑपरेशन भर्ती की सुविधा।
पता - मानीकलां, जौनपुर | 9451610571, 7380850571



